## RAS MAINS TEST SERIES 2018

PAPER –I GENERAL KNOWLEDGE AND GENERAL STUDIES

Unit-II - **ECONOMICS**

**नोटः सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 15-15 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित है।**

**1. राष्ट्रीय विनिर्माण (Manufacturing) नीति 2011 का प्रमुख उद्देश्य बताइयें ?**

**उत्तरः**-राजस्थान विनिर्माण नीति 2011 का उद्देश्य 2022 तक विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी को जी.डी.पी. के 25 प्रतिशत तक लाना हैं।

**2. भारत व राजस्थान का 2017–2018 वर्ष के लिए औद्योगिक उत्पादन सूचकांक बताइयें ?**

**उत्तरः**- राजस्थान - 128.24

भारत - 130.3

**3. ग्रामीण गैर कृषि विकास प्राधिकरण (RUDA) के बारे में बताइयें ?**

**उत्तरः**- यह नवम्बर 1995 में गैर कृषि क्षेत्र में रोजगार के अवसर (उन, चमड़ा, वस्त्र इत्यादि) सृजित करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया।

**4. मुख्यमंत्री सलाहकार परिषद् की अवधारणा स्पष्ट कीजिए ?**

**उत्तरः**- राजस्थान के सतत् संतुलित व समग्र विकास के उद्देश्य को प्राप्त करने हेतु मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में 22 प्रतिष्ठित व विशेषज्ञ व्यक्तियों की परिषद् मुख्यमंत्री सलाहकार परिषद् हैं।

**5. नीति आयोग के दो प्रमुख कार्य लिखिए ?**

**i.** सहकारी संघवाद को बढ़ावा देना (राज्यों की नीति निर्माण में भूमिका बढ़ाना)

**ii.** भारत के लिए थिंक टैंक के रूप में कार्य करना व आत्मनिर्भरता की प्राप्ति हेतु योजनाएँ बनाना।

**6. राजस्थान में सार्वजनिक-निजी सहभागिता (Public Private Partnership) में आने वाली समस्याओं को सूचीबद्ध करें ?**

**i.** अनुमति मिलने में अत्यधिक विलम्ब से अधिकांश प्रोजेक्ट योजना स्तर पर सीमित।

**ii.** भूमि आवंटन व अवाप्ति से संबंधित समस्याएँ।

**iii.** निजी व सार्वजनिक क्षेत्र में जोखिम आवंटन के निर्णय में समस्या।

**iv.** वायेबलिटी गेप फण्ड़िग के निर्धारण में समस्याएँ।

**v.** PPP-मॉडल क्रियान्वयन के दौरान समन्वय में कमी।

**vi.** वित्तीय गड़बड़ी की आंशका।

**7. 'स्टार्ट अप इण्डिया' योजना क्या हैं ? वर्णन कीजिए।**

**उत्तरः**- देश में युवाओं में नवाचार व उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 16 जनवरी 2016 को स्टार्ट अप इण्डिया योजना प्रारम्भ की गई। इसके अन्तर्गत स्टार्ट अप के लिए नियम उदार किये गये हैं, जिसमें भुगतान में छूट, श्रम व पर्यावरणीय कानून, निरीक्षण व अन्य औपचारिकताएँ सम्मिलित हैं। इनकी सहायता हेतू इनक्यूबेशन सेंटर एवं उदार पेटेंट व्यवस्था लागू की गई । यह योजना उद्यमशीलता, रोजगार सृजन व नवाचारों हेतु उचित वातावरण निर्मित करने में महत्वपूर्ण हैं।

**8. राजस्थान में पर्यटन विकास के अवसर व इस सबंध में किये गये प्रयासों का वर्णन कीजिए ?**

**उत्तरः**- पर्यटन की दृष्टि से राजस्थान भौगोलिक विविधताओं के कारण प्रमुख आकर्षक स्थलों में से एक हैं। राजस्थान के उदयपुर को शीर्ष-15 पर्यटक स्थलों में सम्मिलित किया जाना इसे सत्यापित करता हैं। वर्ष 2017 में राज्य में लगभग 475.24 लाख पर्यटकों का भ्रमण हेतु आगमन हुआ।

राज्य में पर्यटन को अधिक विकसित करने हेतु ग्रामीण व इको पर्यटन (उदाहरण जवाई बांध) वर्चुअल ट्यूर, डेजर्ट सर्किट, ट्राइबल सर्किट इत्यादि पर बल दिया जा रहा हैं। इसके अतिरिक्त राजस्थानी लोक संस्कृति

की सहायता से पर्यटकों को लुभाने के प्रयास किये जा रहे हैं, इनमें लोक नृत्य, लोक संगीत महत्वपूर्ण हैं। इस क्रम में सांभर झील विश्व का पहला साल्ट ट्यूरिज्म केन्द्र बनेगा व शेखावटी क्षेत्र में ऑपन आर्ट गैलेरी बनाने की योजना हैं। विश्व स्तरीय पर्यटन विकास हेतु द.ऑस्ट्रेलिया के साथ सिस्टर सिटी समझोता किया गया व गुणवत्तापूर्ण पूर्ण सेवाएँ उपलब्ध करवाने के क्रम में सिंगापुर के सहयोग से उदयपुर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर ट्यूरिज्म ट्रेनिंग की स्थापना की गई। पर्यटन विभाग द्वारा राज्य में फिल्म पर्यटन को प्रोत्साहित करने के प्रयास भी जारी है व आध्यात्मिक पर्यटन के विकास हेतु 'पुष्कर' सर्वप्रमुख हैं। वर्ल्ड म्यूजिक फेस्टिवल (उदयपुर), भक्ति उत्सव(पुष्कर) इत्यादि इसी कार्य योजना का अंग हैं। राजस्थान में पर्यटन के अवसरों से लाभान्वित होने के उद्देश्य से राज्य पर्यटन इकाई नीति 2015 बनाई गई हैं।

सारथि एकेडमी